**आकाशवाणी**

**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**बृहस्पतिवार 12.12.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो का शुभारंभ किया। कहा– सरकार प्रदेश में देश की 'पहली योग नीति' लागू करने की दिशा में प्रयासरत।**

- **केंद्र सरकार ने कहा– सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार की योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी।**

- **प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत पौड़ी जिले में अब तक 177 रुफ टॉप सोलर पावर प्लांट्स स्थापित किये गए।**

- **रुड़की में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के सातवें संस्करण के अंतर्गत ग्रैंड फिनाले का आयोजन।**

**विश्व आयुर्वेद –1**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार प्रदेश में देश की 'पहली योग नीति' लागू करने की दिशा में काम कर रही है। देहरादून में आयोजित विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि योग नीति आयुर्वेद तथा योग को व्यापक स्तर पर एक साथ लाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सम्मेलन आयुर्वेद के क्षेत्र में आपसी ज्ञान साझा करने और विभिन्न शोध कार्यों के साथ ही सहयोग और व्यापार के नए अवसरों को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है।

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में आयुष के क्षेत्र में सरकार की पहल से आयुष उत्पादों के उत्पादन में आठ गुना वृद्धि हुई है। अब आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात दुनिया के 150 से अधिक देशों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग टूल्स जैसी तकनीक को अपनाकर आगे बढ़ रहा है। श्री जाधव ने कहा कि देश भर में आयुष केंद्र खुलने से आयुष चिकित्सक आसानी से परामर्श करके दवा लिख सकेंगे।

**कैशलेस इलाज योजना**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज लोकसभा में कहा कि दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने यह बात कही। श्री गडकरी ने कहा कि छह राज्यों में प्रचलित योजना जल्द ही उत्तर प्रदेश और बाद में देश के बाकी हिस्सों में शुरू की जाएगी। राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री गडकरी ने सदस्यों से ऐसी सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए हर जिले में दुर्घटना निवारण समितियां गठित करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना के 30 प्रतिशत पीड़ितों की मौत शुरुआती इलाज में देरी के कारण होती है।

**स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन**

हरिद्वार के रुड़की में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के सातवें संस्करण के अंतर्गत ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 25 संस्थानों के 150 से अधिक छात्र–छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। 11 से 15 दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रम में छात्रों को वास्तविक जीवन में आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल हुए छात्रों ने आकाशवाणी से बातचीत में अपने अनुभव साझा किए।

**प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना**

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत पौड़ी जिले में अब तक 177 रुफ टॉप सोलर पावर प्लांट्स स्थापित किये जा चुके हैं। संचालित प्लांट्स से 708 किलोवाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। राज्य सरकार उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण उरेडा के माध्यम से सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रदेश भर के साथ ही पौड़ी जिले में विभिन्न योजनाएं चला रही है। पौड़ी के जिला परियोजना अधिकारी राजेश्वरी विश्वकर्मा ने बताया कि सब्सिडी मिलने के बाद लोगों की योजना के प्रति रुचि बढ़ रही है, जिससे बड़ी संख्या में लोग प्लांट लगाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत एक किलोवाट से लेकर 10 किलोवाट तक के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप पावर प्लांट लगाए जा रहे हैं। एक किलोवाट का प्लांट लगाने पर राज्य सरकार 17 हजार और केंद्र सरकार 33 हजार रुपये की सब्सिडी दे रही है। वहीं, दो किलोवाट के प्लांट के लिए राज्य सरकार 34 हजार और केंद्र सरकार 66 हजार रुपये की सब्सिडी दे रही है।

**समिति का गठन**

रुद्रप्रयाग जिले में पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन और एडवेंचर को बढ़ावा देने के लिए समिति का गठन किया गया है। ये जानकारी देते हुए रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी देवेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मुहैया कराना है। कनकचौरी–कार्तिक स्वामी पैदल मार्ग पर कई पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती है। इसे देखते हुए क्षेत्र के युवाओं को बर्ड वाचिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि बर्ड वाचिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा रोजगार से जुड़े सके। वन संरक्षक आकाश वर्मा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन, तीर्थाटन और एडवेंचर को बढ़ावा देने के लिए ईडीसी गठित की गई है।

**उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी बस स्टैंड में 6 करोड़ 63 लाख रुपये से अधिक की 121 वाहनों की क्षमता वाली दो मंजिला पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। आज जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बस स्टैंड में नव–निर्मित पार्किंग को जल्द नगर पालिका को हस्तांतरित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जोशियाड़ा में निर्माणाधीन पार्किंग का कार्य दो माह में पूरा कर आगामी यात्राकाल से पूर्व इन दोनों पार्किंग का संचालन प्रारंभ करने पर जोर दिया।

**जिला स्तरीय बैठक**

अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि को रोकने के लिए छात्रों और ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को समय समय पर वनाग्नि के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज जिलाधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फायर ऐप का व्यापक प्रचार किया जाय। उन्होने वनाग्नि के लिए जिम्मेदार असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

**राष्ट्रीय कैनो–स्प्रिंट चैंपियनशिप**

टिहरी झील में आयोजित 35वीं सीनियर पुरुष और महिला राष्ट्रीय कैनो–स्प्रिंट चौंपियनशिप के तीसरे दिन विभिन्न जल स्पर्धाओं में सेना के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। 5000 मीटर वर्ग में पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने जबरदस्त पैडलिंग का प्रदर्शन किया। आकाशवाणी से बातचीत में सेना के कोच दिग्विजय नेगी ने कहा कि टिहरी बांध की झील साहसिक खेलों के लिए बेहतर डेस्टिनेशन है।